**खुलासा** पुलिस ने किया खुलासा, शारीरिक संबंध बनाएं, शादी के लिए बोली तो कुचल दिया सिर, भेजा गया जेल

# सूचना देने वाले का नाती ही निकला युवती का हत्यारा





**अनूपपुर नवभारत 18 मार्च।** जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र के गुंवारी गांव में युवती की हत्या का मामला सुलझाते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस व्यक्ति ने पुलिस को शव मिलने की सूचना दी थी, उसका नाती ही हत्या का आरोपी निकला।

जैतहरी थाना प्रभारी अमर वर्मा ने बताया कि जैतहरी निवासी रामखेलावन राठौर 15 मार्च को गुंवारी स्थित अपने खेत और पुराने मकान की देखरेख करने गए थे। खंडहरनुमा मकान से तेज दुर्गंध आने पर उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया। जब कमरे में पहुंचे तो उन्हें एक लड़की की शव नजर आया, जो पूरी तरह सड़ चुका था।

### आरोपी ने बताया-फेसबुक पर युवती से हुई थी दोस्ती

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि युवती से उसकी फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। दोस्ती के कुछ दिन बाद ही दोनों में शारीरिक संबंध बनने लगे थे। लड़की उस पर शादी का दबाव बना रही थी, जिसके चलते उसने पत्थर से मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक और युवती का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है।

### मृतका की पहचान काजल पुरी के रूप में हुई

थाना प्रभारी अमर वर्मा ने बताया कि शव के पास काले रंग की जूती और एक पर्स पड़ा था। युवती के चेहरे पर कपड़ा लिपटा हुआ था और उसने गाउन पहना हुआ था। प्रारंभिक जांच में युवती की उम्र लगभग 25 वर्ष अनुमानित की गई। शहडोल की फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण के दौरान, 18 फरवरी को दर्ज एक गुमशुदा रिपोर्ट से मृतका की पहचान 25 वर्षीय काजल पुरी निवासी लपटा के रूप मे की गई।

### युवती कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी

परिजनों ने बताया कि काजल की किसी रवि उर्फ ठाकुर साहब नाम के लड़के से प्यार करती थी, 17 फरवरी को भी उस लड़के से फोन पर बात करती हुई कॉलेज (अनूपपुर) जाने की बात कहकर निकली थी। वह लड़का उससे शादी करने से मना कर रहा था। उसी दिन से उसका मोबाईल बंद आ रहा है। मंगलवार को आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ में रवि ने हत्या की बात स्वीकार की।

### आरोपी कियोस्क सेंटर चलाता था

आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह जैतहरी में अपने नाना नानी के साथ रहकर कियोस्क सेंटर चलाता है। करीब 6 माह पूर्व काजल से फेसबुक से उसकी दोस्ती हुई थी, उसके बाद वह अक्सर दुकान पर कॉलेज संबंधी काम लेकर आती थी।

इसके बाद हमारी आपस मे मोबाईल फोन पर बातचीत होने लगी थी। प्रेम प्रसंग के दौरान हमारे शारीरिक संबंध बनने लगे थे।

**बदनामी से बचने के लिए काजल की हत्या की**

रवि ने पुलिस को बताया है कि काजल अक्सर उससे शादी करने कहती थी। आरोपी ने जात बिरादरी का हवाला देकर शादी से इनकार किया तो काजल ने उसके घरवालों को प्रेम प्रसंग के बारे में बताने की बात कही। उसने 17 फरवरी को उसके घरवालों से मिलने जैतहरी आने कहा। आरोपी ने पुलिस को बताया है कि बदनामी से बचने के लिए काजल की हत्या करने की ठान ली।

**पत्थर से सिर पर वार किया था**

आरोपी ने बताया कि जब काजल अपने घर से कॉलेज जाने का कहकर जैतहरी आई तो वह उसे अपनी बाइक से ग्राम गुंवारी गांव लेकर आ गया। यहां उसने युवती को समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवती ने युवक को बर्बाद करने की धमकी दी। गुस्से में आरोपी ने पहले उसे तमाचे मारे। इसके बाद पास पड़े पत्थर से सिर पर वार कर दिया। हत्या करने के बाद रवि आराम से दुकान आ गया और शाम को घर पहुंचा।



# खेत में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

**अलग-अलग जगह मिले महिला के कपड़े**

**अनूपपुर नवभारत 18 मार्च।** जिले के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के बरबसपुर गांव में डुग्गी तालाब के पास एक खेत में बुधवार की सुबह 50 वर्षीय महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। महिला के कपड़े भी अलग-अलग जगह मिले हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतका की पहचान नशीबाई, पति स्व. लालू यादव के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही भालूमाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान ने बताया कि महिला का पति कुछ वर्ष पहले गुजर चुका है और उसके दो बेटे हैं। ग्रामीणों ने सुबह करीब 10 बजे शव देखे जाने की जानकारी पुलिस को दी थी।

### शव पर कोई चोट के निशान नहीं मिले

प्राथमिक जांच में शव पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि महिला की हत्या गला घोंटकर की गई है। यह घटना रात से सुबह के बीच घटित हुई होगी। पुलिस फिलहाल परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# शिविर में 207 दिव्यांगों का किया गया चिन्हांकन

**विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया स्वास्थ्य परीक्षण**



**अनूपपुर नवभारत 18 मार्च।** जिला मुख्याचलय में 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों की पहचान, स्क्रीनिंग और दिव्यांगता प्रमाणन के लिए बुधवार को जिला स्तरीय विशेष शिविर जिला चिकित्सालय अनूपपुर प्रांगण में आयोजित किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली के दिशा निर्देशन में आयोजित शिविर में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित रहकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत चिकित्सा विषय विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांग प्रतिशत के आधार पर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए जिसके आधार पर यूडीआईडी कार्ड बनाने की कार्यवाही की गई। शिविर में बनाए गए दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर दिव्यांगजन शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### 521 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

शिविर में मानसिक रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन रोग विशेषज्ञ, नाक- कान- गला रोग विशेषज्ञ, नेत्र विशेषज्ञ, आर्थोपेडिक्स विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ ने उपस्थित रहकर दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 521 लोगों ने पंजीयन कराकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिनमें 207 दिव्यांगों का चिन्हांकन किया गया। ऑर्थोपेडिक के 31 मेडिसिन के 24 शिशु रोग में 12 नाक कान गला रोग में 7 मानसिक रोग के 103 नेत्र रोग में 22 सिकल के 5 दिव्यांगों का चिन्हांकन किया गया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान ग्राम बकेली में 19 को

**अनूपपुर नवभारत।** जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 19 मार्च को वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम उज्जैन से प्रारंभ किया जाएगा। इसके तारतम्य में जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्यक्रम जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत बकेली के जोरहा तालाब में 19 मार्च को प्रात: 11 बजे नियत किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। कलेक्टर ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में आमजन, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि से सहभागिता कर जल संरक्षण एवं संवर्धन के विशेष अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की है।

# 10 वर्षों से सेवा दे रहे स्व-सहायता समूह का अनुबंध निरस्त

**बैगा महिलाओं के सामने रोजी-रोटी का संकट, कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार**



**कोतमा नवभारत 18 मार्च।** अनूपपुर जनपद के ग्राम पंचायत जर्राटोला में पिछले एक दशक से स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन उपलब्ध करा रहे दुर्गा आजीविका स्व-सहायता समूह का अनुबंध जिला पंचायत द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इस फैसले से समूह से जुड़ी बैगा जनजाति की गरीब महिलाओं के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है।

प्रभावित महिलाओं ने कलेक्टर को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। समूह की अध्यक्ष और सचिव ने कलेक्टर को सौंपे पत्र में बताया कि 1 से 18 नवंबर 2025 तक राशन उपलब्ध नहीं होने के बावजूद उन्होंने अपने निजी संसाधनों से बच्चों को भोजन कराया। हालांकि, 22 नवंबर को राशन नहीं होने के कारण भोजन नहीं बन सका।

### मध्यान्ह भोजन प्रभारी ने एक पक्षीय जांच रिपोर्ट बनाई

आरोप है कि मध्यान्ह भोजन प्रभारी ने जमीनी हकीकत और राशन की कमी को नजरअंदाज करते हुए एकपक्षीय जांच रिपोर्ट जिला पंचायत को भेज दी, जिसके आधार पर 4 जनवरी 2026 को तीन स्कूलों और तीन आंगनवाड़ियों का अनुबंध निरस्त कर दिया गया। समूह की महिलाओं ने कलेक्टर से अपील की है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और तथ्यों की निष्पक्ष जांच कराएं।

**पत्र में उठाए गए प्रमुख बिंदु**

समूह की सभी महिलाएं बैगा जनजाति से हैं, जो समाज का अत्यंत पिछड़ा वर्ग है। समूह ही उनकी आय का एकमात्र साधन था। पिछले 10 वर्षों से समूह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पीएम पोषण आहार का कार्य कर रहा था। समूह का कहना है कि 18 दिनों तक खुद के पैसे से व्यवस्था करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हुई और अधिकारियों ने मनमाने ढंग से स्पष्टीकरण देकर अनुबंध खत्म कर दिया।

**इनका कहना है**

हम 10 साल से बच्चों को खिला रहे हैं। राशन समय पर नहीं मिला तो भी हमने जेब से पैसे लगाकर खाना बनाया, लेकिन हमारी मेहनत देखने के बजाय सिर्फ एक दिन की कमी पर हमारा काम छीन लिया गया।

**समूह की महिलाएं**

**एक नजर में**



### नवीन शिक्षा सत्र के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

**अनूपपुर नवभारत।** नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 एवं विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला अंतर्गत समस्त बीईओ, बीआरसीसी तथा शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों की संयुक्त समीक्षा बैठक डाइट परिसर के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आगामी शिक्षा सत्र को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक वितरण, साइकिल वितरण योजना तथा नए शिक्षा सत्र में विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से प्रवेशित करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा सभी संबंधित समस्त प्राचार्यों को निर्देश दिए गए कि नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाते हुए शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए।



### वरिष्ठ पत्रकार अमित शुक्ला पर जानलेवा हमला

**पत्रकारों में भारी आक्रोश, उग्र आंदोलन की चेतावनी**

**अनूपपुर नवभारत 18 मार्च।** जिले में बेखौफ असामाजिक तत्वों ने पत्रकारिता जगत को निशाना बनाते हुए एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। बीती रात राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिलाध्यक्ष एवं शासकीय अधिमान्य पत्रकार अमित शुक्ला पर अज्ञात बदमाशों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। हमलावरों ने न केवल उनके साथ गंभीर मारपीट की, बल्कि लूटपाट की घटना को भी अंजाम दिया।

इस कायरतापूर्ण हमले की खबर फैलते ही जिले भर के पत्रकारों में रोष व्याप्त हो गया। बुधवार को राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में पत्रकारों ने अनूपपुर कोतवाली पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने कोतवाली प्रभारी अरविंद जैन से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ कठोर और त्वरित कार्रवाई की मांग की।

**चौथे स्तंभ पर हमला बर्दाश्त नहीं**

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली प्रभारी अरविंद जैन ने पत्रकारों को आश्वस्त किया है कि पुलिस मामले की सूक्ष्मता से जांच कर रही है। पत्रकारों ने प्रशासन को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में शीघ्र न्याय नहीं मिला और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो जिले के समस्त पत्रकार उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। पत्रकारों ने स्पष्ट किया कि 'चौथे स्तंभ' पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पत्रकारों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा।

**एसईसीएल के स्वास्थ्य शिविर का हाल, स्टाफ के लिए मंगाया गया बोतलबंद पानी**

# सेवा पर अव्यवस्था भारी ; प्यास से तड़पते रहे मरीज

**कोतमा नवभारत 18 मार्च।** एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र द्वारा मंगलवार 17 मार्च को गोविंदा वार्ड क्रमांक 11 में सीएसआर मद के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। एक ओर जहां कंपनी ने डॉक्टर्स और दवाइयों की सुविधा देकर वाहवाही लूटने की कोशिश की, लेकिन 'पानी' की अनुपलब्धता ने प्रबंधन की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मार्च के महीने में बढ़ती तपिश और चिलचिलाती धूप के बीच आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासी अपना इलाज कराने पहुंचे थे। घंटों कतार में खड़े मरीजों और उनके परिजनों के लिए वहां पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं था। प्यास से बेहाल बुजुर्ग और बच्चे पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आए।

### स्टाफ के लिए वीआईपी इंतजाम



शिविर में पानी की किल्लत को लेकर जब मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के जिम्मेदार व्यक्ति से बात की गई, तो चौंकाने वाला जवाब सामने आया। उन्होंने स्वीकार किया कि पीने के पानी की व्यवस्था केवल ड्यूटी पर तैनात स्टाफ के लिए की गई है, जिसके लिए एक लीटर वाली 10 बोतलें मंगाई गई थीं। आम जनता के प्रति यह रवैया साफ तौर पर प्रशासनिक लापरवाही और संवेदनहीनता को दर्शाता है।

**प्रबंधन को करनी थी पानी के टैंकर की व्यवस्था**

सवाल यह उठता है कि जिस समाज की सेवा के नाम पर लाखों का सीएसआर फंड खर्च किया जा रहा है, क्या उसी समाज के लिए दो मटके या पानी के टैंकर की व्यवस्था करना प्रबंधन की जिम्मेदारी नहीं थी? आपात स्थिति के लिए एम्बुलेंस और दवाइयों का भारी-भरकम तामझाम तो दिखाया गया, लेकिन भीषण गर्मी में लू और डिहाइड्रेशन से बचने के लिए सबसे जरूरी संसाधन पानी को ही दरकिनार कर दिया गया।

**इनका कहना है**

कंपनी करोड़ों का टर्नओवर दिखाती है, लेकिन वार्ड के गरीब लोगों के लिए पानी की व्यवस्था तक नहीं रख सकती। स्टाफ के लिए मिनरल वॉटर और हमारे लिए कुछ नहीं, यह कैसा न्याय है?

**नोहर सिंह पार्षद**



# जिले की यातायात पुलिस हुई हाई-टेक

**बॉडी वॉर्न कैमरों से लैस हुए जवान**

**अनूपपुर नवभारत 18 मार्च।** जिले की यातायात व्यवस्था को स्मार्ट और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने यातायात पुलिस बल को अत्याधुनिक उपकरण दिए। इस नई पहल के तहत अब अनूपपुर की सड़कों पर तैनात जवान बॉडी वॉर्न कैमरों और सुरक्षा किट के साथ नजर आएंगे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि तकनीक के इस समावेश से पुलिसिंग में जवाबदेही तय होगी और विवादों की स्थिति में सटीक साक्ष्य उपलब्ध रहेंगे। यातायात पुलिसकर्मियों को बॉडी वॉर्न कैमरों से लैस किया गया है। अक्सर चालानी कार्रवाई के दौरान पुलिस और वाहन चालकों के बीच होने वाली बहस या दुर्व्यवहार की शिकायतों को दूर करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### कैमरे से रिकॉर्डिंग की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष रहेगी

कैमरे में होने वाली रिकॉर्डिंग से पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष रहेगी और ड्यूटी के दौरान होने वाली हर बातचीत डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने जवानों को विशेष रूप से रात की ड्यूटी और कोहरे के दौरान सुरक्षा के लिए लाइट बैटन, शोल्डर लाइट और रिफ्लेक्टिव सेफ्टी जैकेट वितरित किए। इन उपकरणों की मदद से वाहन चालक अंधेरे में भी पुलिस की मौजूदगी को दूर से देख सकेंगे, जिससे सड़क हादसों का खतरा कम होगा।

**आस्था** पितरों का तर्पण, पूजन-अर्चन और मनोकामनाओं के साथ दिनभर चलता रहा पुण्य स्नान का क्रम

# चैत्र अमावस्या पर नर्मदा में हजारों ने लगाई आस्था की डुबकी

**अनूपपुर नवभारत 18 मार्च।** जिले में स्थित प्रदेश की प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी अमरकंटक में बुधवार को चैत्र अमावस्या पर आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। पुण्य सलिला नर्मदा नदी के तटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं, एवं तीर्थयात्रियों ने पवित्र स्नान कर पूजन-अर्चन एवं दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

प्रात: काल से ही नर्मदा उद्गम के कोटि तीर्थ कुंड, गांधी कुंड तथा रामघाट के उत्तर एवं दक्षिण तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने स्नान शुरू किया, जो देर शाम तक निरंतर जारी रहा। चैत्र मास की कृष्ण पक्ष अमावस्या, पूर्वाभाद्र नक्षत्र और बुधवार के संयोग में दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाई।



### श्रद्धालुओं ने धार्मिक परंपराओं का किया निर्वहन

श्रद्धालुओं ने अपने पितरों के निमित्त जल तर्पण, पिंडदान एवं दान-पुण्य कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। इसके पश्चात नर्मदा उद्गम मंदिर में दर्शन कर परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं उन्नति के लिए मां नर्मदा से प्रार्थना की। प्रदेश के शाजापुर, रायसेन एवं देवास सहित विभिन्न जिलों से आए भक्तों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अपने कुल देवी-देवताओं एवं उनके अस्त्र-शस्त्रों का विधिवत पूजन किया।

### वाद्य यंत्रों की थाप के साथ हुए धार्मिक अनुष्ठान

वाद्य यंत्रों की थाप के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके पूर्व कई श्रद्धालुओं ने रात्रि जागरण कर अपने आराध्य देवों की आराधना करते हुए रतजगा किया और प्रात: स्नान-पूजन कर धार्मिक कृत्यों को पूर्ण किया।

**श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम नजर आया**

चैत्र अमावस्या (चैती अमावस) पर लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने नर्मदा स्नान कर पुण्य अर्जित किया। विशेष रूप से रामघाट एवं कोटि तीर्थ कुंड में सुबह के समय अत्यधिक भीड़भाड़ का दृश्य देखने को मिला, जहां श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम नजर आया।

### स्वास्थ्य संस्थाओं में 11 एक्स-रे मशीनों का हो रहा संचालन

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में आमजन के स्वास्थ्य सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए एक्सरे मशीन का संचालन जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय अनूपपुर में 4, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ में 1, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी में 1, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में 1, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में 1, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करपा में 1, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुनगा में 1, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वेंकटनगर में 1 इस प्रकार जिले में कुल 11 एक्स रे मशीन का संचालन किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी हड्डी रोग संबंधी जांच के लिए एवं इमरजेंसी स्थिति में एक्स-रे द्वारा जांच उपरोक्त स्वास्थ्य संस्थाओ में कराएं।